## खबर संक्षेप

### अल्ट्राटेक अस्पताल पर लगे लापरवाही के आरोप

**मैहर।** एक ओर अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा संचालित अस्पताल खुद को बेहतर स्वास्थ्य सेवा केंद्र बताता है,वहीं दूसरी ओर उसकी लापरवाही की पोल खुल गई है। समाजसेवी मंटू उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि सड़क दुर्घटना में घायल अपने मित्र को लेकर जब वे अस्पताल पहुंचे,तो वहां न तो आपातकालीन सुविधाएं थीं और न ही डॉक्टर समय पर मौजूद थे।उपाध्याय ने कहा कि कंपनी के बड़े -बड़े दावे केवल दिखावा हैं और गंभीर स्थिति में मरीजों को या तो मैहर के निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है या फिर बाहर रेफर कर दिया जाता है। इस घटना ने कंपनी के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### एसपी ने मैहर कोतवाली का निरीक्षण किया

**मैहर।** नवागत पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने थाना कोतवाली का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कोतवाली परिसर में बन रहे नए पुलिस कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया और कोतवाली के पीछे पुलिस आवास बनाने के विषय पर भी चर्चा की। इस मौके पर थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी,यातायात प्रभारी निपेंद्र सिंह,पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### पकड़ा गया सटोरिया

**कटनी।** सट्टा पर्ची काट रहे सटोरियों पर पुलिस ने कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार चौकी बिलहरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर रमेश पटेल 52 वर्ष निवासी पौड़ी थाना रीठी को पकड़ा। आरोपित के पास से 2 सट्टा पट्टी, 1 पेन व 275 नगद बरामद किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी सुयश पाण्डेय व टीम की भूमिका रही।

### दो लोगों के पास से जब्त की गई अवैध शराब

**कटनी।** बहोरीबंद थाना प्रभारी अखलेश दाहिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार ग्राम सिमरापटी में बब्जी उर्फ प्रकाश यादव 45 के कब्जे से 90 पाव देशी लाल मसाला शराब (कीमत लगभग 9 हजार रुपये) तथा ग्राम पथराड़ी पिपरिया से कमलेश चौधरी 25 वर्ष के पास से 14 पाव देशी प्लेन शराब कीमती लगभग 1400 रुपये जब्त की गई।

### हादसे में किशोर की मौत

**कटनी।** रेल हादसे में एक किशोर की मौत होने की घटना हो गई। यह घटना आयुध निर्माणी स्थित गुरुद्वारे के सामने बीती शाम करीब 7:30 के आसपास की बताई जा रही है। हादसे में करीब 16 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से साइकिल और स्कूल बैग बरामद हुआ है। बैग में मिले आईडी कार्ड से मृतक की पहचान जयंत वर्मा के रूप में हुई है जो हाउसिंग बोर्ड निवासी बताया जा रहा है। निर्माणी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने परिजनों को सूचना पहुंचा दी। खबर मिलते ही बालक के पिता घटनास्थल पर पहुँच गए।

### जिले में अब तक 1059.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 19 सितम्बर तक कुल 1059.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1421.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है।

# मैहर में नवरात्र मेले की तैयारी पूरी, 15 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

सतना/मैहर।

मध्य प्रदेश के मैहर जिले में स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल मैहर में शारदीय नवरात्र मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मां शारदा देवी के दर्शन के लिए इस वर्ष 12 से 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। सुरक्षा के लिए 800 पुलिसकर्मियों की मांग की गई है,जिनमें से फिलहाल 450 पुलिस बल उपलब्ध करा दिए गए हैं। इनमें तीन डीएसपी रैंक के अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि आवश्यकतानुसार और भी सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे।

### सुरक्षा और व्यवस्था का खाका तैयार

मेले को सुचारू रूप से चलाने के लिए पूरे मेला क्षेत्र को पांच जोन में बांटा गया है और 91 स्थानों पर ड्यूटी लगाई गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है।बस स्टैंड पर बसों और ट्रैक्टरों की पार्किंग होगी,जबकि फॉरेस्ट बैरियर पर कारों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है। वीआईपी वाहन और ऑटो के लिए बांदा बैरियर पर स्थान आरक्षित किया गया है।

### यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतज़ाम

श्रद्धालुओं की आवाजाही को आसान बनाने के लिए बांदा बैरियर से रोपवे तक 30 से 40 ई-रिक्शा उपलब्ध रहेंगे। ये



विशेषकर उन लोगों के लिए हैं जो चलने में असमर्थ हैं। पार्किंग स्थल से मां शारदा देवी धाम तक की दूरी लगभग 500 मीटर है,जिसे पैदल या ई-रिक्शा से तय किया जा सकता है। मेले की पूरी व्यवस्था पर निगरानी रखने के लिए एक व्हिसिल टीम बनाई गई है,जो सीटी बजाकर लोगों को सतर्क करती रहेगी। सुरक्षा के लिए पूरे मेला



परिसर में 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं,जिन पर कंट्रोल रूम से लगातार नजर रखी जाएगी।

### खोया-पाया केंद्र और रेलवे की तैयारी

मेले में दो खोया-पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। एक केंद्र पहाड़ के नीचे और दूसरा मंदिर परिसर में बनाया गया है।



रेलवे ने भी अपनी तरफ से पूरी तैयारी की है। जबलपुर के डीआरएम कमल तलरेजा ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और वहां तीन अतिरिक्त जनरल टिकट काउंटर और दो मोबाइल टिकट मशीनें लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा,उन्होंने स्टेशन परिसर में 6 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए हैं।

# जबलपुर रेल मंडल में गहराया कर्मचारियों का संकट, कामकाज प्रभावित



सतना। जबलपुर रेल मंडल में इन दिनों कर्मचारियों की भारी कमी का संकट गहरा गया है,जिसका सीधा असर कामकाज पर पड़ रहा है। छुट्टियों पर गए कर्मचारियों की वजह से स्थिति और भी गंभीर हो गई है,जिससे मंडल के कामकाज को निपटाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि दफ्तर के जरूरी कामकाज को संभालने के लिए सतना से कुछ कर्मचारियों को अस्थाई तौर पर जबलपुर बुलाया गया है। रेलवे से जुड़े सूत्रों के मुताबिक,यह समस्या लंबे समय से चल रही है। पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं,लेकिन उनकी जगह नई भर्तियां नहीं हो पाई हैं। इस वजह से काम का बोझ मौजूदा स्टाफ पर लगातार बढ़ रहा है। कर्मचारियों की कमी के कारण दफ्तरों में फाइलें अटकी पड़ी हैं और कई महत्वपूर्ण काम समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। विशेष रूप से,छुट्टी के मौसम में यह समस्या और भी विकराल हो जाती है। जब बड़ी संख्या में कर्मचारी छुट्टियों पर जाते हैं,तो काम लगभग ठप सा हो जाता है। दफ्तरों में काम करने वाले बाबू, क्लर्क और अन्य स्टाफ की कमी से रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि मंडल के कई विभागों में कर्मचारियों की संख्या स्वीकृत पदों के मुकाबले काफी कम है,जिसके चलते एक ही कर्मचारी को कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ रही हैं। इस स्थिति को देखते हुए,मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने सतना जैसे आस-पास के मंडलों से कुछ कर्मचारियों को अस्थायी रूप से जबलपुर भेजा है ताकि जरूरी कामों को निपटाया जा सके। हालांकि,यह सिर्फ एक अस्थायी समाधान है। जब तक स्थायी रूप से नई भर्तियां नहीं की जातीं,यह समस्या बनी रहेगी। कर्मचारी यूनियनों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि काम के अत्यधिक दबाव से कर्मचारियों में तनाव बढ़ रहा है, जिसका असर उनकी कार्यक्षमता पर पड़ रहा है। उन्होंने रेलवे बोर्ड से मांग की है कि जल्द से जल्द खाली पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए ताकि कामकाज को सुचारू रूप से चलाया जा सके। जानकारों का मानना है कि अगर इस समस्या पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में परिचालन और प्रशासनिक कार्यों में और भी ज्यादा देरी हो सकती है,जिसका सीधा असर यात्रियों और माल ढुलाई सेवाओं पर पड़ेगा। यह एक गंभीर मुद्दा है जिस पर रेलवे प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

# लापरवाही बरतने पर खनिज अधिकारी सस्पेंड

### ईटीपी में 1226 से 482 की गिरावट,रीवा क्षेत्रीय कार्यालय में किया अटैच

**सतना।** जिले के प्रभारी खनिज अधिकारी एच पी सिंह को अवर सचिव खनिज साधन विभाग ने निलंबित कर दिया है। निलंबन का कारण वित्तीय वर्ष में ईटीपी की संख्या में भारी गिरावट है। चालू वित्तीय वर्ष में जिले की औसत दैनिक ई-टीपी 1226 से घटकर 482 रह गई है।

### लैप्स प्रपोजल भी लंबित मिले

संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। 27 जून को हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की समीक्षा बैठक में सतना जिले की स्थिति निराशाजनक पाई गई थी। जिले में क्षेत्र उपलब्धता के 3 प्रकरण और खदानों के लैप्स प्रपोजल के 5 प्रकरण लंबित मिले हैं। संचालनालय ने इसे खनि शाखा की कार्यप्रणाली में लापरवाही माना है। प्रभारी अधिकारी एचपी सिंह शासकीय कर्तव्यों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं कर पाए। वे कार्यालय पर पर्याप्त नियंत्रण रखने में विफल रहे। सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9(1)




के तहत उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म,क्षेत्रीय कार्यालय रीवा निर्धारित किया गया है। सतना जिले में पोस्टिंग के दौरान यह उन पर दूसरी कार्रवाई है।

## दिव्यांग को डेढ़ घंटे में मिला बिजली कनेक्शन



**सतना।** आजाद चौक निवासी दिव्यांग राजेश यादव को शनिवार,छुट्टी के दिन भी नया बिजली कनेक्शन मात्र डेढ़ घंटे में मिल गया। अपनी साइकिल चार्ज करने में हो रही परेशानी को लेकर श्री यादव सुबह 12:30 बजे विद्युत विभाग के शहर संभाग कार्यालय पहुँचे। कार्यपालन अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव ने उनकी समस्या सुनकर तुरंत अधिकारियों को बुलाया और कनेक्शन देने का निर्देश दिया। सहायक अभियंता अवनीश पांडे और कनिष्ठ अभियंता अजय दुबे ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सारी प्रक्रिया पूरी की।विभाग की इस तत्परता से राजेश यादव बेहद खुश हुए और उन्होंने विभाग और सरकार का धन्यवाद दिया। यह घटना विभाग की संवेदनशीलता को दर्शाती है।

## रामपुर बघेलान में राष्ट्रीय पोषण माह शुरू



**सतना।** जिले में 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चलने वाले राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत रामपुर बघेलान में हो चुकी है। शनिवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक विक्रम सिंह और जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह मौजूद थे। इस दौरान,पुरुष व्यंजन प्रतियोगिता और स्थानीय व मोटे अनाज से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। पर्यवेक्षक सुनीता साहू ने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' की थीम पर बात की,जबकि परियोजना अधिकारी श्वेता जुनेजा ने मोटापे को कम करने के लिए नमक,तेल और शक्कर के सीमित उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी दिए गए।

## 'सेवा पखवाड़ा अभियान' के तहत सफाई

**सतना।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में 'सेवा पखवाड़ा अभियान' चलाया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को नगर पंचायत रामपुर बघेलान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। वार्ड 10,11,12 और 13 में स्थित मुक्ति धाम के पास विशेष रूप से सफाई का काम हुआ। इस अभियान में वार्ड 12 के पार्षद सुखलाल बंसल,स्थानीय नागरिक और नगर निकाय के कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया।

### मैहर में ऑटो चालकों की बैठक

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश पर,20 सितंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में यातायात प्रभारी नृपेंद्र सिंह ने ऑटो चालकों की बैठक ली। इस बैठक का उद्देश्य ऑटो चालकों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। आगामी शरद नवरात्रि और अन्य त्योहारों को ध्यान में रखते हुए,चालकों को खास निर्देश दिए गए। उन्हें श्रद्धालुओं के साथ शालीनता से व्यवहार करने,उचित किराया लेने और निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़ा करने की सलाह दी गई। इस पहल का लक्ष्य सड़क पर सुरक्षा बढ़ाना और यात्रियों को एक सुखद अनुभव प्रदान करना है।

## मां शारदा धाम में 'शारदा लोक' के लिए स्थल निरीक्षण शुरू

**मैहर।** मां शारदा धाम मंदिर में 'शारदा लोक' के निर्माण कार्य के लिए स्थल निरीक्षण शुरू हो गया है। हाल ही में पर्यटन विभाग की एक टीम ने मंदिर परिसर का दौरा किया और पूरा आकलन किया। इस दौरान एमपीटी की प्रमुख आर्किटेक्ट संगीता व्यास ने मंदिर का अवलोकन किया और शारदा प्रबंधन समिति के सदस्य सचिन मिश्रा के साथ बैठक की। बैठक में मंदिर में विकास और निर्माण से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। सचिन मिश्रा ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं और मंदिर प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए कई सुझाव भी दिए।

## कैचअप यूनिट के नाम पर 7.37 लाख का घोटाला,दोषी पर सिर्फ मानदेय कटौती की कार्रवाई

**मैहर।** ग्रामीण आजीविका मिशन की एक बड़ी नाकामी सामने आई है। इटमा ग्राम पंचायत में जून 2021 में 7.37 लाख की लागत से टोमैटो कैचअप बनाने की इकाई स्थापित की गई थी। हालांकि, यह यूनिट सिर्फ तीन बार चली और उसके बाद हमेशा के लिए बंद हो गई। जांच में पता चला है कि तत्कालीन विकासखंड प्रबंधक सप्तेन्द्र मिश्रा ने न तो यूनिट का ठीक से संचालन कराया और न ही फूड लाइसेंस का नवीनीकरण करवाया। जब इस मामले में उनसे जवाब मांगा गया,तो उन्होंने कर्मचारियों के स्थानांतरण और टमाटर की मौसमी उपलब्धता को बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। लेकिन जांच में उनकी दलीलें झूठी साबित हुईं। कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त आयुक्त ने इसे घोर लापरवाही और कदाचार मानते हुए अप्रैल से जून 2025 तक का उनका मानदेय काटने का आदेश दिया है। इस कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं कि जनता के 7.37 लाख के नुकसान के बदले सिर्फ तीन महीने का मानदेय काटना क्या पर्याप्त सजा है?

## नाले में गिरने से 10 साल की बच्ची की मौत
### खेलते समय पैर फिसलने से हुआ हादसा

**सतना।** बरौंधा थाना क्षेत्र के कठवरिया गांव में मां के साथ ननिहाल आई 10 वर्षीय बच्ची अनीशा खैरवार की बरसाती नाले में डूबने से मौत हो गई। हरकिशन खैरवार की पत्नी अपनी बेटी अनीशा के साथ कुछ दिन पहले अपने मायके कठवरिया आई थी। शुक्रवार की शाम को अनीशा अपने हम उम्र बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी। खेलते समय वह घर के पास बह रहे बरसाती नाले के किनारे पहुंच गई।वहां उसका पैर फिसल गया और वह नाले में गिर गई। गांव में कई लोगों से पूछताछ की जब अनीशा लंबे समय तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव में कई लोगों से पूछताछ की गई। कुछ देर बाद बरसाती नाले में एक बच्ची का शव दिखने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने नाले से अनीशा को बाहर निकाला,लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर बरौंधा पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल की जांच के बाद पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मैहर में साइकिल रैली,'फिटनेस का डोज,आधा घंटा रोज' का संदेश

**सतना।** 'फिट इंडिया अभियान' को बढ़ावा देने के लिए 21 सितंबर को मैहर में 'साइकिल डे' मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 10 बजे अग्रसेन चौक से किला के मुख्य द्वार तक एक साइकिल रैली निकाली जाएगी। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को 'फिटनेस का डोज,आधा घंटा रोज' का संदेश देना है। भारतीय खेल प्राधिकरण इस आयोजन का नोडल अधिकारी अशोक तिवारी को बनाया गया है। इसमें डॉक्टर, पुलिसकर्मी, एनसीसी और अन्य संगठन भी भाग लेंगे,जिससे यह अभियान और अधिक प्रभावी बनेगा।

# इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज



**मैहर।** यहां पर चल रहे पहले इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज संदीपनी विद्यालय और सिमरन पब्लिक स्कूल के बीच खेला जाएगा। बीते दिन खेले गए पहले सेमीफाइनल में सिमरन पब्लिक स्कूल ने हायर सेकेंडरी स्कूल को 4विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सिमरन पब्लिक स्कूल की ओर से अरुणोदय सिंह ने 45 रन बनाने के साथ-साथ 4 विकेट भी लिए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए। वहीं,दूसरे सेमीफाइनल में संदीपनी विद्यालय ने बालभारती विद्यालय,अमरपाटन को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यह रोमांचक मुकाबला रविवार 21 सितंबर 2025 को सुबह 9 बजे मैहर खेल मैदान क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा।

### पंडित विष्णु नारायण भारत की पुण्यतिथि पर स्मृति प्रसंग का आयोजन

**मैहर।** मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा मैहर में पंडित विष्णु नारायण भारत की पुण्यतिथि पर स्मृति प्रसंग का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय संगीत महाविद्यालय में हुआ,जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने मुख्य अतिथि और नगरपालिका अध्यक्षा गीता सोनी अध्यक्ष थीं। इस अवसर पर पंडित संतोष संत (इंदौर) ने बांसुरी वादन और पंडित सज्जन लाल ब्रह्म भट्ट (भोपाल) ने शास्त्रीय गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी,जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों ने सरस्वती वंदना से की और अतिथियों ने कलाकारों का सम्मान किया।

## खबर संक्षेप

### शारदीय नवरात्र को लेकर पवई में शांति समिति की बैठक संपन्न




**पवई।** शनिवार की शाम छह बजे से शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चल जुलूस, पंडाल और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि माँ कलेही मंदिर में भीड़ को नियंत्रित करने हेतु नौ दिनों तक सुबह-शाम दो महिला सिपाही एवं पुरुष सिपाही तैनात रहेंगे। अष्टमी के दिन विशेष पुलिस बल की व्यवस्था की जाएगी। नगर परिषद द्वारा रोशनी, साफ-सफाई एवं मंदिर प्रांगण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। वहीं मंदिर की साज-सज्जा की जिम्मेदारी अनुविभागीय कार्यालय को सौंपी गई।थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी ने निर्देश दिए कि पंडाल सड़क छोड़कर लगाए जाएं तथा आग से बचाव के लिए पंडालों में अग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य होगा। यंत्र उपलब्ध न होने की स्थिति में आयोजकों को बाल्टियों में रेत एवं गीले बोरे रखने होंगे। इसके अलावा पंडाल हाईटेंशन लाइन के नीचे नहीं लगाए जाएंगे और पंडाल व मूर्ति की सुरक्षा के लिए आयोजकों को दो व्यक्ति रातभर मौजूद रहना अनिवार्य होगा। विसर्जन स्थल पर लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की जाएगी एवं मूर्ति विसर्जन हाईड्रा के माध्यम से कराया जाएगा। एसडीएम समीक्षा जैन ने कहा कि निर्धारित स्थल के अलावा अन्यत्र मूर्ति विसर्जन नहीं होगा। बिना अनुमति के ऐसा करने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नौ दिन नगर में अंडा-मांस की दुकानें संचालित नहीं होंगी। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम समीक्षा जैन ने की। इस अवसर पर एसडीओपी भावना सिंह दांगी, तहसीलदार त्रिलोक सिंह पूसाम, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी, वरिष्ठ नागरिक एवं दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रमः साक्षरता परीक्षा संपन्न



**अजयगढ़।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 20 सितंबर 2025 को विकासखंड अंतर्गत समस्त परीक्षा केंद्रों में विकासखंड स्रोत समन्वयक डॉक्टर अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में साक्षरता परीक्षा संपन्न हुई विकासखंड सह समन्वयक रामस्वरूप पाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड अजयगढ़ में समस्त परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संचालित पाई गई है जिसमें नव साक्षरो द्वारा मूल्यांकन परीक्षा में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया मूल्यांकन परीक्षा के सफल संचालन हेतु विकासखंड स्तरीय कंट्रोल रूम का गठन किया गया कंट्रोल रूम में मुकेश कुमार धुरिया बीएससी राजकुमार दक्ष ऑपरेटर एवं रामधनी साहू द्वारा साक्षरता परीक्षा का विधवत संचालन कराते हुए समस्त परीक्षा केंद्रों से जानकारी एकत्रित कर जिला साक्षरता कार्यालय प्रेषित किया गया जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत विकासखंड अकादमिक समन्वयक जन शिक्षक जन शिक्षा केंद्र सह समन्वयक साक्षरता द्वारा परीक्षा केंद्रों का सघन भ्रमण किया गया इसमें साक्षरता परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित पाई गई।

### पगरी हाई स्कूल निर्माणाधीन बिल्डींग का हुआ भौतिक सत्यापन

**शाहनगर।** शाहनगर विकास खण्ड के शासकीय हाई स्कूल पगरी में नव निर्मित निर्माणाधीन बिल्डींग का भौतिक सत्यापन किया गय। इसके लिए विद्यालय प्राचार्य बीरेन्द्र सिंह से शिक्षा विभाग ने वर्तमान विद्यालय का विवरण मांगा गया था। जो डाटा परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड कर दिया गया है। केंद्र बनने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसको लेकर प्रशासन ने जिलाधिकारीओं से जांच




## सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाएं सभी त्यौहार- कलेक्टर

# आगामी पर्वों के दृष्टिगत हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

पन्ना।




**पन्ना। जिले में आगामी नवदुर्गा एवं दशहरा समारोह सहित शरद पूर्णिमा महोत्सव पर्व के दृष्टिगत शुक्रवार की सायं कलेक्टेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर सुरेश कुमार एवं नवागत पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल में सभी पर्वों को मनाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित शांति समिति के सदस्यों से आवश्यक सुझाव भी प्राप्त किए गए। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय एवं नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता सहित नवागत अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, थाना प्रभारी रोहित मिश्रा, यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार व अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।**

कलेक्टर श्री कुमार ने शांति समिति की बैठक में कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी हर धर्म के पर्व उमंग और उल्लास के साथ मनाएं। त्यौहारों के दौरान शांति समिति के सभी सदस्य सक्रिय सहयोग प्रदान करें। इस दौरान साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं और नागरिकों की सुरक्षा का ध्यान भी रखा जाए। तात्कालिक रूप से नवदुर्गा उत्सव के दौरान शहर के भीतर एवं मंदिरों व पंडालों के आस-पास मांस, मछली एवं अण्डों की दुकानों को निर्धारित स्थल पर ही लगाएं। भविष्य में इस संबंध में जारी निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। इसके लिए एसडीएम, तहसीलदार एवं सीएमओ को निर्धारित मांस-मछली एवं अंडा विक्रय स्थल की व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे भविष्य में शहर के भीतर और विभिन्न स्थानों पर खुले बाजार में इनकी बिक्री न हो। कलेक्टर ने कहा कि नवदुर्गा उत्सव के दौरान पद्मावती देवी मंदिर एवं अन्य मंदिरों में भी साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर पालिका द्वारा सड़कों का आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जाए। इसके अतिरिक्त नगर में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था में सुधार के लिए भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेकर ही पंडालों में दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित करें। साथ ही कमेटी सदस्यों का पहचान पत्र भी अनिवार्य रूप से जारी कराएं। आगामी 2 अक्टूबर को रावण दहन कार्यक्रम निर्धारित समय पर पूर्ण करने का आह्वान भी किया।

### कमला बाई एवं दहलान ताल में होगा दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

कलेक्टर ने कहा कि पन्ना शहर में धरमसागर, लोकपाल सागर एवं निरपत सागर तालाब और केन नदी में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कमला बाई ताल एवं दहलान ताल को प्रतिमा विसर्जन स्थल बनाया गया है। विसर्जन के दौरान निर्धारित स्थानों पर बेरीकेटिंग, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल सहित नाव तथा आवश्यक उपकरण व गोताखोर की तैनाती के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक नियमित रूप से पेयजल सप्लाई के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान सघनता से निराश्रित गौवंश के सुरक्षित स्थल पर विस्थापन की कार्रवाई भी करें। नियमित रूप से कर्मचारियों को पाबंद कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लें। साथ ही आवश्यक होने पर ट्रक से गौवंश को अन्यत्र स्थानों पर भी भिजवाएं। उन्होंने कांजी हाउस का संचालन प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर द्वारा एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं मेडिकल टीम की तैनाती सहित भारी वाहनों के बायपास मार्ग से आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। इसके अलावा एसडीएम एवं एसडीओपी को अपने क्षेत्रांतर्गत शांति समिति एवं दुर्गा उत्सव समिति सदस्य, डीजे व टेंट मालिकों की बैठक आयोजित कर दिशा निर्देशों से अवगत कराने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्रीमती नायडू ने कहा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना को हतोत्साहित किया जाए। इसके स्थान पर मिट्टी, घास और गोबर से निर्मित प्रतिमाएं दुर्गा पंडालों में स्थापित करें। उन्होंने कहा कि पंडालों में धार्मिक गीत ही बजाएं। डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध के बारे में जानकारी प्रदान कर नियंत्रित आवाज में लाउडस्पीकर का उपयोग करने के लिए कहा। पुलिस अधीक्षक ने पर्व आयोजन के संबंध में सभी समिति सदस्यों से वांछित सहयोग प्रदान करने तथा सतत समन्वय एवं जारी निर्देशों का पालन कराने की बात भी कही। बैठक में जानकारी दी गई कि समितियों द्वारा दुर्गा पंडालों में बोर्ड लगाना अनिवार्य है, जिसमें समिति के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों सहित सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर भी अंकित हों।

# पारधी समाज की बालिकाओं का भविष्य संवारने को लेकर छात्रावास में शिक्षकों के साथ अभिभावकों का सम्मेलन सम्पन्न

पारधी समाज (बहेलिया) की छात्राओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के साथ-साथ षिक्षा के माध्यम से बालिका छात्रावास कुंजवन में बेहतर षिक्षा प्रदान करते हुए जहां उनके भविष्य को तारासा जा रहा है अभिभावकों ने भी खुषी की जाहिर, छात्राओं के साथ छात्रावास में षिक्षकों की उपस्थिति में अभिभावकों ने अपनी सोच भी बयां की। वहीं छात्राओं को पूरे समय छात्रावास में बारहमाह रहकर षिक्षा प्रदान करने के लिए रखी बात छात्राओं को नाईट सूट भी किये गये वितरित।





पन्ना।

अंतिम छोर के व्यक्ति के रूप में जहां षिक्षा के माध्यम से पारधी (बहेलिया) समाज की छात्राओं का भविष्य सरकार के माध्यम से जिला षिक्षा केन्द्र की योजनाओं के तहत जिला कलेक्टर के मार्गदर्षन में डीपीसी के निर्देषन में बालिका छात्रावास कुंजवन में छात्राओं को षिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ समाज की मुख्य धारा में जोड़कर छात्राओं की भविष्य को संवारा जा रहा है। वहीं पारधी समाज की छात्राओं के माता-पिता का सम्मेलन बालिका छात्रावास कुंजवन में षिक्षकों के साथ बेहतर षिक्षा प्रदान करने को लेकर आयोजित किया गया। जहां अभिभावकों ने अपने विचार भी रखे है। किस तरह से हमारी समाज की बच्चियों को षिक्षा प्रदान की जाये समाज के मुखिया के रूप में राजकुमार जो छात्राओं को लेकर षिक्षा प्रदान करने के लिए अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे गांव कुपना के जितने लोग रहते है सभी बच्चों को पढ़ायें। गांव में रहने के साथ-साथ बच्चों के भविष्य को बनाने के लिए षिक्षा प्रदान करवायें। वहीं छात्रावास में सरकार के द्वारा प्रदान किये जाने वाली सुविधाओं के साथ-साथ षिक्षा के रूप में जहां बालिकाओं को बारहमाह षिक्षा प्रदान करने के लिए अभिभावकों ने अपनी बात रखी है। गौरतलब बात यह है कि पारधी समाज के लोग आज भी अपने जीवकापार्जन के लिए महानगरों की ओर पलायन करने के लिए जाते है। इन परिस्थितियों में बच्चों को अपने साथ नहीं ले जा सकते। तथा छात्रावास में बारह माह रखकर सतत षिक्षा प्रदान की जाये। छात्राओं के माता-पिता जो इस सम्मेलन में उपस्थित हुए थे वहीं आपसे षिक्षकों ने भी वर्तमान समय में जो आवष्यक दस्तावेज षिक्षा प्रदान करने के लिए जरूरी है समय पर उपलब्ध कराने के लिए बात रखी। ताकि इन्हें षिक्षा प्रदान करने में किसी भी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े। गौरतलब बात यह है कि बालिका छात्रावास कुंजवन में 6वीं तक की षिक्षा प्राप्त करने वाली ललिता बाई जो आज षिक्षा से वंचित होकर अपना घर चला रही है। जो अपनी बात सभी के सामने रखते हुए अपने अनुभव के रूप में बयां की। आपका कहना था कि छात्राओं को 8वीं तक ही नहीं कम से कम हाईस्कूल व 12वीं तक की षिक्षा छात्रावास में रखकर प्रदान की जाये। तथा यहां ग्रीष्मकालीन समय में भी छात्राओं को रखकर षिक्षा प्रदान करने को लेकर प्रयास किये जाये ताकि ये छात्रायें बेहतर षिक्षा की दिषा तय कर सकें। पारधी समाज के सभी लोग जो अंतिम छोर के व्यक्ति के रूप में माने जा रहे है। क्योंकि न तो जमीन है और न ही व्यवसाय है। इन परिस्थितियों में आज भी परिवार का गुजारा करने के लिए महानगरों की ओर पलायन करना पड़ता है। कहने को तो महाराणा प्रताप के वंसज माने जाते है। पर आज भी दर-दर की ठोकरे खाने को लेकर मजबूर है। जाति प्रमाण पत्र एक बड़ी समस्या इनके समाज में बनी हुई है। वहीं छात्राओं की भविष्य को लेकर षिक्षा के माध्यम से बेहतर बनाने के लिए पारधी समाज के ही हीरा सिंह ने अपनी बात अपने अनुभव के रूप में सभी के समक्ष बयां की। कहा कि जितना कष्ट जो हम भोग चुके है वह हमारे बच्चों को न भोगना पड़े इसलिए जितना बच्चों को पढ़ाओगे उतना सुख रहेगा। इस तरह से जहां बालिका छात्रावास कुंजवन में छात्राओं की भविष्य को संवारने को लेकर अभिभावकों के रूप में माता-पिता छात्राओं के विषेषतौर पर पारधी समाज के लोगों को छात्रावास में जहां अमंत्रित करते हुए बुलाया गया था छात्राओं की उपस्थिति में माता-पिता व षिक्षकों के मध्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। बेहतर भविष्य षिक्षा के माध्यम से किस तरह से संवारा जा रहा है वहीं आगे भी किस तरह से इन्हें जीवन में बढ़ाया जायेगा। षिक्षा से ही सम्पूर्ण विकास निहित है। पारधी समाज के विषेषतौर पर से जिले की शाहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम कुपना से माता-पिता सभी छात्राओं के आये हुए थे जिन्होंने छात्रावास में षिक्षा प्रदान करने को लेकर जो आज सरकार के माध्यम से यह प्रयास सार्थक रूप में साबित किया गया है इसको और अच्छा कैसे बनाया जाये अपने अनुभव तथा सहयोग दोनों को लेकर अपनी बात रखी है। वहीं छात्राओं को समाजिक संस्था की भावनाओं में जो पारधी समाज के बच्चों के बेहतर भविष्य को लेकर आज भी सजग है। जिन्होंने अपने माध्यम से छात्राओं के लिए नाईट सूट भिजवाये थे जिनका वितरण बालिकाओं को स्वयं पारधी समाज के अभिभावकों के द्वारा अपनी बच्चियों को किया गया। इस तरह से जहां समाज की मुख्य धारा में जोड़ते हुए पारधी (बहेलिया) समाज की छात्राओं का बेहतर भविष्य षिक्षा के माध्यम से जो बनाया जा रहा है उसमें अभिभावकों की महती जिम्मेदारी जो आज जरूरी है। सम्मेलन के रूप में बालिका छात्रावास कुंजवन में माता-पिता षिक्षक-षिक्षिकाओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जहां षिक्षा के माध्यम से आने वाले भविष्य को संवारने के लिए आवष्यक रूप से जहां जिनके दायित्व है माता-पिता के रूप में निभाये जाने को लेकर अपनी बात रखी। वहीं इन छात्राओं को सतत रूप से षिक्षा प्रदान करने के लिए बारह माह छात्रावास में रखकर षिक्षा प्रदान की जाये। वहीं बाल-विवाह रोके जाने को लेकर इन्हें समझाईस दी गई है ताकि छात्रायें षिक्षा से वंचित न हो सके। वहीं अन्य समाज की छात्राओं की तरह आगे ये भी पढ़ सके देखना यह है कि पारधी समाज के अभिभावकों ने इस सम्मेलन में जो अपना योगदान देते हुए सहयोग के रूप में बात कही है आगे अपनी बेटियों को पढ़ाने के लिए बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने में कितना योगदान देगें। वहीं षिक्षा से ही विकास की मार्ग जो तय होता है उसमें माता-पिता का योगदान जो जरूरी है उसको लेकर जिस तरह इस आयोजन में सम्मेलन में रूप में माता-पिता व षिक्षक-षिक्षिकाओं के साथ छात्राओं की उपस्थिति में विचार मंथन किया गया। सायद कारगर दिषा तय हो सकेगी। छात्रावास के समस्त स्टॉफ ने जहां माता-पिता सभी को विषेष भोज भी कराया। इस तरह से पारधी समाज को जहां अंतिम छोर के व्यक्ति के रूप में जो आज भी जाने जाते है इनकी भावी पीढ़ी षिक्षा के माध्यम से संवारने के लिए जो प्रयास किये जा रहे है उसमें इनका सहयोग अभिभावक के रूप में किस तरह से जरूरी है वह इनके सामने रखी गई वही इन्होंने अपना सहयोग प्रदान करने के लिए अपने से मंषा जाहिर करते हुए की है।



# बड़ी देवन ग्राउण्ड में होगा आतिशबाजी का विक्रय

**पन्ना।** आगामी अक्टूबर माह में दीपावली पर्व के अवसर पर पन्ना नगर के बायपास रोड स्थित बड़ी देवन ग्राउण्ड में आतिशबाजी विक्रय के लिए दुकानें स्थापित होंगी। इस संबंध में गत शुक्रवार को संपन्न हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में समिति सदस्यगणों से चर्चा एवं सुझाव के उपरांत यह निर्णय लिया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेट सुरेश कुमार ने जानकारी दी कि इस बार सुरक्षा के दृष्टिगत शहर के भीतर आतिशबाजी दुकानों की स्थापना नहीं की जाएगी। साथ ही टेंट एवं कपड़े की दुकान के स्थान पर टीन शेड दुकान बनाई जाना प्रस्तावित है। मानक अनुसार प्रत्येक दुकानों में दस फीट का गैप भी होगा। शांति समिति की बैठक में बस्ती के बीच में आतिशबाजी अथवा आग्नेय या ज्वलनशील विस्फोटक सामग्री के थोक में भण्डारण पर रोक लगाने की कार्यवाही तथा एसडीएम एवं कार्यपालिक मजिस्टेट को सतत निगरानी कर नियमों के उल्लंघन पर सामग्री जप्ती के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा आतिशबाजी दुकान स्थापना के लिए समय पूर्व आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में भी चर्चा हुई।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संजय कुमार नागवंशी ने बताया कि थोक अनुज्ञप्तिधारक व्यक्ति ही निर्धारित स्थल पर पटाखों का भण्डारण करेंगे। फुटकर पटाखा विक्रेता द्वारा अपने घर अथवा दुकान या अन्य स्थानों पर इनका भण्डारण नहीं किया जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित ध्वनि क्षमता से अधिक तथा चाईनीज पटाखों की बिक्री पर रोक रहेगी।

# पन्ना सतना छतरपुर नेशनल हाईवे में भारी भरकम गड्ढों से हो रहे हादसे

*गुनौर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष बागरी ने नेशनल हाइवे मार्ग की मरम्मत की रखी मांग*



**पन्ना।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र नगर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आशीष बागरी ने अपने जारी बयान में कहा कि पन्ना सतना पन्ना छतरपुर नेशनल हाईवे में भारी भरकम गड्ढे हैं , जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं।उन्होंने कहा की जिले के जिम्मेदार अधिकारी एवं चुने हुए जनप्रतिनिधि ध्यान देवें ।कांग्रेस नेता आशीष बागरी ने कहा कि दो पहिया वाहन चालक जब इस मार्ग से गुजरते हैं तो उनके खाइनुमा गड्डो में बार-बार मोटरसाइकिल गिरने से लोगों की कमर की रीढ़ की हड्डी में तकलीफ पैदा हो रहे हैं और कई बार महिलाएं मोटरसाइकिल से गिरकर मौत के गाल में समा जाती हैं ।उन्होंने कहा कि जिले के राजनेता और बड़े अधिकारी लग्जरी कारों से निकलते हैं तो उनको यह गड्ढे पता नहीं चलते , मगर जब गरीब तपके का व्यक्ति मध्यम वर्गीय व्यक्ति इस मार्ग से गुजरता है तो उसको आने-जाने में जितनी तकलीफों का सामना करना पड़ता है उसको बया नहीं किया जा सकता है ।कांग्रेस नेता आशीष बागरी ने बताया कि पन्ना छतरपुर मार्ग एवं पन्ना सतना मार्ग में सड़क के दोनों किनारे रेलिंग भी कई जगह पर छतिग्रस्त है साथ ही सड़क में भारी भरकम गड्ढे और सड़क की पटरी में गड्ढे होने के कारण दो पहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे। उन्होंने कहा कि यदि गड्डो की मरम्मत को लेकर जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो वह जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर बड़ा आंदोलन करेंगे ।जिसकी समस्त जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

# शांति एवं सद्भाव के साथ मनाएं नवरात्रि पर्व

**एसडीओपी गुनौर हिंदू सनातन संस्कृति के प्रमुख त्योहारों में से एक शारदेय नवरात्रि पर्व अब आरंभ होने को है जिसकी तैयारियां अंतिम दौर पर**





**अमानगंज।**आयोजन को लेकर पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना मुख्यालय में शांति समिति की बैठक का आयोजन एसडीओपी गुनौर मानसिंह टेकाम एवं अमानगंज थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। जिसमें नगर एवं क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिक और दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्य सहित सभी समुदाय के सदस्य एवं उनके पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां को देते हुए अपनी अपील के माध्यम से विभिन्न सावधानियां भी बताई जिनमे मुख्य रूप से देवी मां के पंडाल मुख्य सड़क मार्ग से निर्धारित दूरी पर हो जो पूरी तरह सुरक्षित हो। हर पंडाल पर समिति का एक सदस्य रात के समय मौजूद रहे। समितियों द्वारा जहां देवी मूर्ति स्थापित की जा रही है। उसकी जानकारी थाना एवं तहसील में अवश्य दी जाए। साथ ही थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने कहा कि सोशल मडिया पर फैलाए जा रहे भ्रम की जानकारी पुलिस को तुरंत दे अति उत्साह में कानून अपने हांथ में न लें। साथ ही एसडीओपी गुनौर मानसिंह टेकाम ने आगामी त्यौहार शांति एवं सद्भाव से मनाने की अपील की।

# शासकीय उमावि पगरा में क्षेत्रीय विधायक की मौजूदगी में साइकिल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**अमानगंज।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पगरा मे मुख्य अतिथि विधायक डॉ राजेश वर्मा जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष ग्राम पंचायत पगरा सरपंच दीपा अहिरवार , जिला शिक्षा अधिकारी रवि प्रकाश खरे, विकाश खंड शिक्षा अधिकारी राम कुमार प्रजापति की मौजूदगी मे विद्यालय के प्राचार्य के पी पाल की उपस्तिथि मे छात्र छात्राओं को साईकील वितरण साइकिल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं मनमोहक नृत्य से हुई, जिसने वातावरण को उल्लास और ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर ग्रामवासी, विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सड़कों की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों में आक्रोश

**गुन्नौर।** जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलघाडी में लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोपो को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है स्थानीय लोगों ने पंचायत की बदहाली को लेकर लगातार प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी तरह की कार्यवाही ना किया जाने से लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र की मुख्य सड़कों की हालत वर्षो से बत से बत्तर बनी हुई है। वर्तमान में सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है गड्ढों और कीचड़ से भरी इन सड़कों से बच्चों का स्कूल जाना मरीजों का अस्पताल पहुंचाना और किसानों का अपने खेतों तक पहुंचना भी कठिन हो गया है। ग्रामीण ने बताया के कई बार पंचायत के सरपंच प्रीति पटेल से सड़कों की मरम्मत करने की मांग की।

**पर्यावरण स्वीकृति के लिये आम सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एम. ओ. ई. एफ. सी. सी.) भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा ई. आई. ए. अधिसूचना 2006 के अधीन मेसर्स जेके सीमेंट लिमिटेड की कोनी सिमरिया लाइमस्टोन माइन ग्राम कोनी, बोदा, गुढ़ा, महाराजगंज, गनियारी, बनभाई, सिमरिया, देवरी, पगरा और कुलुआ तहसील - सिमरिया जिला-पन्ना को चूना पत्थर खनन के लिए प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 5.08 मिलियन टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 6.092 मिलियन टन प्रतिवर्ष (लगभग 20%) के लिए पर्यावरण की अनुमति प्रदान की गई है। यह विज्ञापन आम जनता के सूचनार्थ है।

पर्यावरण स्वीकृति ID क्रमांक: EC25A0108MP5421344N File No: J-11015/80/2020-IA.II (M) दिनांक: 19/09/2025 की प्रति म. प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अरेरा कालोनी, पर्यावरण परिसर, भोपाल (म. प्र. ) और एम. ओ. ई. एफ. सी. सी. की वेबसाईट www.parivesh.nic.in पर भी उपलब्ध है।

परियोजना प्राधिकारी
मेसर्स जेके सीमेंट लिमिटेड

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में ढाई दर्जन मरीजों की हुई जांच



**महाराजपुर।** क्षेत्र के ग्राम मनकारी में बुंदेलखंड हॉस्पिटल एंड आई केयर सेंटर के तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञों ने करीब ढाई दर्जन ग्रामीणों और नगरवासियों की जांच की। वहीं मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को सेंटर में मुफ्त उपचार की सलाह दी गई। मनकारी बस स्टैंड पर आयोजित शिविर में डॉ. पंकज गुप्ता, डॉ. मनीष साहू, डॉ. पवन यादव और डॉ. नैन्सी सिंह ने करीब 30 मरीजों की जांच की। शिविर के संयोजक डॉ. शेखर सिंह मनकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों की समस्याएं बढ़ रही हैं, और समय पर उपचार न मिलने से लोग दृष्टिहीन हो जाते हैं। मोतियाबिंद पीड़ितों को बुंदेलखंड हॉस्पिटल एंड आई केयर सेंटर छतरपुर आने की सलाह दी गई, जहां केवल लेंस का चार्ज लगेगा और आने-जाने, रहने की व्यवस्था मुफ्त होगी।

### पुलिस ने देरी रोड से जप्त किया अवैध शराब का जखीरा



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुलिस ने भ्रमण के दौरान एक घर से 60 लीटर से अधिक अवैध देशी शराब बरामद की है। अभियुक्ता को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। अभियुक्ता पर पूर्व में पोक्सो एक्ट, दुष्कर्म और अवैध शराब के अपराध दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस को देरी रोड के एक घर में अवैध शराब संग्रह की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने संदेही के घर पहुंचकर विधिवत तलाशी ली और 60 लीटर से अधिक अवैध देशी शराब जब्त की। साथ ही लक्ष्मी पत्नी गौरीशंकर सेन को अभिरक्षा में लिया गया। गौरतलब है कि लक्ष्मी सेन पर पूर्व में पोक्सो एक्ट, दुष्कर्म और अवैध शराब के अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्ता को न्यायालय में पेश किया।

### युवती की पिटाई का वीडियो वायरल



**छतरपुर।** ओरछा रोड थाना क्षेत्र के कैडी फोरलेन ब्रिज पर युवती की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बताया जा रहा है कि युवती अपने मित्र के साथ शराब पी रही थी, जिस पर एक स्थानीय युवक ने आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और बाद में युवक के परिजनों ने युवती की पिटाई कर दी। फिाहल पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर मामले की जांच शुरू की है।

### पूर्वजों की स्मृति में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

**छतरपुर।** शहर के पठापुर रोड स्थित रावतपुरम में रावत परिवार द्वारा पितृपक्ष में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को कथा में रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया और इस दौरान उपस्थित श्रोता जमकर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के आयोजक सुरेश रावत ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन झांसी से पधारे कथावाचक पंडित विनोद शास्त्री ने रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई।

## लोन न चुकाने पर मेसी ट्रेक्टर एंजेसी के कर्मचारियों ने दी थी धमकी, मॉ का आरोप

# देरी गांव में पिता पुत्र की संदिग्ध हालत में मौत

## पत्नी एवं बड़े पुत्र की हालत गंभीर, जिला अस्पताल भर्ती

**छतरपुर।** थाना ओरछा रोड़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत देरी के खीर महेरी पुरवा के रहने वाले एक किसान परिवार के घर में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। कलुआ अहिरवार के बड़े पुत्र ओमप्रकाश अहिरवार और नाती रियांश की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। जबकि मृतक ओमप्रकाश अहिरवार की पत्नी नंदिनी और बड़ा पुत्र आदेश गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती है। और उनका उपचार किया जा रहा है घटना की खबर लगते ही थाना ओरछा रोड़ प्रभारी दीपक यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच प्रारंभ कर दोनो मृतकों के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पिता कलुआ अहिरवार ने बताया कि रात को सब कुछ अच्छा था सभी लोग अपने घर पर सोए हुए थे, लेकिन सुबह 3 बजे पता चला कि पुत्र ओमप्रकाश अहिरवार और नाती रियांश के पेट और सीने में दर्द हो रहा था। कुछ ही देर बाद ओमप्रकाश की मौत हो गई और रियांश को अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन अस्पताल में उपचार मिलने से पहले ही रियांश ने भी दम तोड़ दिया। मृतक ओमप्रकाश की पत्नी नंदिनी व बडेप पुत्र आदेश को भी वहीं तकलीफ हो रही थी जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां मॉ बेटे का उपचार किया जा रहा है। मृतक के परिजन ने पहले पुलिस को सूचना नहीं दी और रियांश की अस्पताल में मौत होने पर उसे सीधे घर लेकर आ गए। लेकिन जब कुछ लोगो द्वारा पुलिस को सूचना दी गई तो थाना ओरछा रोड़ पुलिस ने गांव में जाकर घटना की जांच पड़ताल की और लोगों के बयान भी



दर्ज किए। इस ह्रदय विदारक घटना ने पूरे गांव को सुबह सुबह झकझोर दिया है। पहले सहज किसी को विश्वास नही हुआ लेकिन होनी को कौन टाल सकता है। बाद में इस ह्रदय विदारक घटना के संबंध में लोगों को विश्वास करना पड़ा।

### परिवार कर्ज से था परेशान -

वहीं मृतक किसान ओमप्रकाश की मां तारा अहिरवार का कहना है कि मृतक पुत्र कर्ज से परेशान था क्योंकि उसने मेसी कंपनी से ट्रेक्टर लोन पर लिया था जिसकी 70 हजार रूपए की किस्त बकाया थी लेकिन मेसी ट्रेक्टर कंपनी के कर्मचारी लगातार उस पर पैसे देने के लिए दबाव बना रहें थे और दुव्यवहार भी कर रहें थे। जिससे पूरा परिवार दहशत में था मां तारा अहिरवार का आरोप है कि मेसी ट्रैक्टर कंपनी के कर्मचारियों के दबाब के चलते ही उसके पुत्र ने परेशान होकर यह कदम उठाया है। हालांकि अभी मौत को संदिग्ध माना जा रहा है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद भी मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा -

इस घटना के बाद मृतक की बहन शांति अहिरवार ने आरोप लगाया कि उसके भाई के परिवार के साथ घटना हुई है। गांव के रबि बरेठा सहित तीन लोग बुराई मानते थे। जान से मारने की धमकी भी देते थे उसे आशंका है कि शायद इन्ही लोगों ने मेरे भाई को कुछ खिला दिया और उनके साथ यह घटना घटित हो गई।

### इनका कहना है -

देरी गांव में एक घटना हुई है। जिसमें पिता पुत्र की मौत हो गई है। पत्नी एवं बड़े पुत्र की हालत गंभीर है जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पत्नी के स्वस्थ होने पर सच्चाई सामने आएगी तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा। अन्य लोगों के भी बयान लिए जा रहे है, ताकि घटनाक्रम की सच्चाई सामने आ सके।

**अरूण सोनी**

# पिपट गांव में कुत्ते और मालिक का अनोखा प्यार

### मौत के बाद डॉग लवर ने कराया अंतिम संस्कार

**छतरपुर।** राजनगर क्षेत्र के पिपट गांव में एक पालतू कुत्ते की मौत के बाद उसके मालिक ने न केवल परिवार के सदस्य की तरह उसका विधि-विधान से उसका अंतिम संस्कार कराया, बल्कि उसकी अस्थियों को भी गंगा में विसर्जित करने के लिए प्रयागराज ले जाने की बात कही। पिपट निवासी सद्दू महाराज ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व इस जब इस कुत्ते का जन्म हुआ था, तभी उसकी मां ने दम तोड़ दिया था। मां का निधन होने के बाद उन्होंने कुत्ते



का परिवार के सदस्य की तरह पालन-पोषण किया। सद्दू महाराज ने कुत्ते का नाम तिलकधारी रखा था और इसी नाम से उसे पूरा गांव जानता था। जन्म के कुछ समय बाद उन्होंने कुत्ते का जन्मोत्सव भी मनाया था, जिसमें पूरा गांव शामिल हुआ था। कुत्ते और सद्दू महाराज के परिवार के लोगों में इस कदर प्रेम था कि उनकी बेटी हर रक्षाबंधन पर राखी बांधती थी। पिछले कुछ दिनों से कुत्ते यानि कि तिलकधारी का स्वास्थ्य ठीक नहीं था और शनिवार को उसने अंतिम सांस ली। तिलकधारी के निधन से पूरा परिवार दुखी है। सद्दू महाराज ने विधि-विधान से उसका अंतिम संस्कार कराया और अब उसकी अस्थियों को गंगा में विसर्जित करने के लिए प्रयागराज ले जाने का निर्णय लिया है।

# जनसंवाद में दिया अपराध मुक्त क्षेत्र बनाने का संदेश

**बकस्वाहा।** थाने में पदभार संभालने पहुंचे थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से जनसंवाद करते हुए अपराध और अवैध गतिविधियों पर सख्ती किए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने चोरी, सहित अन्य आपराधिक घटनाओं और अवैध कारोबार पर नकेल कसने की बात कही और छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता बताया।श्री वर्मा ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए पुलिस और जनता के बीच मित्रवत व्यवहार बनाने पर जोर दिया और क्षेत्र को भयमुक्त बनाने का भरोसा दिलाया। जितेंद्र वर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। चोरी की वारदातों, आपराधिक घटनाओं और अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि महाविद्यालय और स्कूल से आने-जाने वाली छात्राओं की रक्षा प्राथमिकता होगी, इसके लिए



गश्त और निगरानी बढ़ाई जाएगी। जितेंद्र वर्मा ने आमजन से सहयोग मांगा और कहा कि बिना जनता के समर्थन के कानून-व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती। उन्होंने थाने में आने वाली किसी भी समस्या पर निडर होकर शिकायत करने की अपील की। इस अवसर पर एसआई महेश पांडे, प्रधान आरक्षक मिहीलाल, आरक्षक सत्य नारायण, आशीष यादव और राजकुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के लिए कराएं पंजीयन

**छतरपुर।** राज्य में म.प्र. कौशल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 63 प्रकार की विभिन्न स्किल्स में प्रतियोगिता का आयोजन पंजीयन के आधार पर जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। विश्व कौशल अतंर्राष्ट्रीय द्वारा प्रत्येक दो साल में विश्व की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता ऑलंपिक के समान का आयोजन सदस्य देशों में से एक देश में किया जाता है। वर्ष 2024 में यह प्रतियोगिता ल्योन, फ्रांस में आयोजित की गई थी एवं आगामी प्रतियोगिता सितंबर 2026 में सांघाई चीन में आयोजित की जाएगी। उक्त अंतर्राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन प्रथम स्तर पर मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माणबोर्ड द्वारा आयोजित राज्य कौशल प्रतियोगिता 2025 और द्वितीय स्तर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय एवं नेशनल कौशल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित इंडिया स्किल प्रतियोगिता 2025 द्वारा किया जाएगा। आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए एसआईडीएच पोर्टल पर 30 सितंबर 2025 तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है। पंजीयन हेतु केवल आयु सीमा 16 से 22 वर्ष एवं कुछ स्किल्स में 25 वर्ष है। जिला रोजगार अधिकारी ने अपील की है कि इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के लिए ज्यादा से ज्यादा पंजीयन कराएं और आगामी विश्व कौशल प्रतियोगिता 2026 में सहभागी बनें।

# झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से गई मरीज की जान

### एफआईआर के बावजूद संचालित हो रही क्लिनिक

**बकस्वाहा।** क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही ने एक बार फिर एक निर्दोष की जान ले ली। बुखार के इलाज के नाम पर दी गई गलत दवा ने 55 वर्षीय व्यक्ति को रास्ते में ही मौत के मुंह में धकेल दिया। गौर करने वाली बात यह है कि जिस झोलाछाप डॉक्टर ने मरीज का इलाज किया, उसके ऊपर तीन माह पहले ही फर्जी डिग्री के आरोप में दर्ज एफआईआर हुई थी। इसके बावजूद आरोपी का क्लिनिक खुले आम चल रहा था। फिलहाल इस घटना से प्रशासनिक निष्क्रियता पर भी



गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।प्राप्त जानकारी के मुतबिक शनिवार को चाचई सेमरा निवासी जगत सिंह लोधी उम्र 55 वर्ष को बुखार आया, जिसके बाद वह बकस्वाहा में खुद को एमबीबीएस शिशु रोग विशेषज्ञ बताने वाले निजाम खान के क्लिनिक पर पहुंचा। इलाज के बाद दवा लेकर जब वह घर लौट रहा था तभी अचानक तबीयत बिगड़ी और कुछ ही देर में मौत हो गई। मृतक के भाई बहादुर लोधी ने आरोप लगाया कि गलत इलाज और दवा के कारण यह हादसा हुआ। थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि निजाम खान और उनकी पत्नी निकहत परवीन सिद्दीकी पर तीन माह पहले रावसाहब परमार की शिकायत पर फर्जी डॉक्टर बनकर इलाज करने के मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी थी। पूर्व जांच में पाया गया कि यह दंपति बिना किसी मान्यता प्राप्त डिग्री या पंजीकरण के क्लिनिक चला रहा था, जहां बोर्ड पर निजाम खुद को एमबीबीएस विशेषज्ञ और पत्नी को प्रसूति रोग विशेषज्ञ बताते थे। तहसीलदार, बीएमओ और थाना प्रभारी की संयुक्त कार्रवाई के बाद भी कलेक्टर के निर्देशों का पालन न होने से क्लिनिक का संचालन जारी रहा और एक व्यक्ति की जान पर यही लापरवाही भारी पड़ गई।

# ऑपरेशन फास्ट के तहत एक हजार से ज्यादा सिम कार्ड बरामद

### फर्जी सिम विक्रय करने वाले रैकेट का एक और आरोपी पकड़ा

**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन फास्ट के तहत साइबर अपराधियों को फर्जी सिम उपलब्ध कराने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 1220 सिम कार्ड, लैपटॉप, मोबाइल




फोन, चार्जर और एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। आरोपी ग्राहकों के आधार कार्ड और अंगूठे के निशान का दुरुपयोग कर फर्जी सिम सक्रिय करता था, जो अन्य राज्यों में साइबर ठगी के लिए भेजे जाते थे। पुलिस ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लवकुशनगर पुलिस ने राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन फास्ट के तहत आरोपी लवकेश चौरसिया पुत्र श्रीकिशन चौरसिया निवासी चौरसिया मोहल्ला, लवकुशनगर को गिरफ्तार किया है। लवकेश चौरसिया ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह कस्बा लवकुशनगर से अन्य लोगों से फर्जी सिम खरीदकर एकत्रित करता था और साइबर अपराधियों से साठगांठ कर पैसा कमाता था। उसके कब्जे से 1220 सिम कार्ड, एक लैपटॉप, 13 मोबाइल फोन, 6 मोबाइल चार्जर और एक एटीएम कार्ड बरामद हुए। यह आरोपी पहले भी संगीता कुशवाहा, मुकेश पटेल, अभिषेक पाठक और जीतेन्द्र कुमार त्रिपाठी के साथ फर्जी सिम रैकेट में लिप्त था। भारतीय न्याय संहिता, आईटी एक्ट और टेलीकम्युनिकेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर गठित 15 सदस्यीय टीम ने सिम विक्रेताओं के रिकॉर्ड की लगातार जांच कर रही है। पुलिस ने अपील की है कि सिम केवल अधिकृत विक्रेताओं से लें, दस्तावेज सतर्कता से इस्तेमाल करें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना दें। एसडीओपी लवकुशनगर नवीन दुबे के मार्गदर्शन में हुई उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अजय अंबे, साइबर सेल प्रभारी नेहा सिंह गुर्जर, उप निरीक्षक ज्ञान सिंह, मीना खरे, प्रधान आरक्षक अनीस अहमद, सुरेंद्र, बुद्ध सिंह, आरक्षक रमाकांत, बलराम, नरेंद्र, बनमाली, चांद खान, कुलदीप, बृजेश, उदय, राहुल, उमेश, विकास, देव सिंह, मानवेंद्र और हिरदेश की सराहनीय भूमिका रही।

# गलत इलाज से बिगड़ी कुत्ते की हालत

### पालक ने सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायत



**ईशानगर।** थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करते हुए बताया गया कि पशु चिकित्सक द्वारा उसके पालतू कुत्ते का गलत इलाज किया गया, जिससे कुत्ते की हालत बिगड़ गई है। इतना ही नहीं पशु चिकित्सक द्वारा जान से मारने की धमकी के आरोप भी शिकायत में लगाए गए हैं। मामला ग्राम सलैया का है, जहां की रहने वाली राधा कर्ण ने बताया कि उनके पास पोमेरेनियन नस्ल का पालतू कुत्ता है, जो पिछले कुछ दिनों से बीमार था। कुत्ते के इलाज के लिए उन्होंने ग्राम कूंड़ के रहने वाले पशु चिकित्सक सुनील पटेल को बुलाया था, जिसने कुत्ते को इंजेक्शन लगाया और पैसे लेकर चला गया। इंजेक्शन लगने के बाद कुत्ते की हालत और अधिक बिगड़ गई। राधा के मुताबिक जब सुनील पटेल को दोबारा फोन लगाया गया तो सुनील ने कुछ घंटे में हालत ठीक होने की बात कही। इसके बाद जब 24 घंटे तक कुत्ते की हालत ठीक नहीं हुई तो उन्होंने एक बार फिर सुनील को फोन लगाया, जिसके बाद सुनील नाराज हो गया और अभद्रता करते हुए जाने से मारने की धमकी दी। राधा ने इस मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन और पुलिस से की है।

### इनका कहना

सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से इस मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। प्रकरण की जांच कराई जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उस आधार पर कार्रवाई होगी।

**आरएस प्रजापति, चिकित्सा अधिकारी, पशु विभाग, छतरपुर**

# घपलेबाज सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक पर हुई एफआईआर

### कूटनीतिक दस्तावेजों से लिया लाभ, 48 लाख के घोटाले का हुआ खुलासा

**छतरपुर।** राजनगर जनपद की ग्राम पंचायत चौबर के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक पर कुछ समय पहले भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। जांच के बाद सामने आए तथ्यों के आधार पर तीनों के विरुद्ध राजनगर थाना में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। उक्त तीनों ने मिलकर कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हुए शासकीय योजनाओं में 48 लाख 38 हजार 188 रुपये का घोटाला किया है।

### क्या है मामला...?

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरवरी 2025 में चौबर निवासी साहिब सिंह, कल्याण सिंह, जीवन सिंह, दंगल सिंह, देवसिंह आदि ग्रामीणों ने कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत करते हुए




बताया था कि पिछले दो कार्यकाल से गांव की सरपंच श्रीमती प्रेमकुंवर सिंह हैं और उनका पूरा कामकाज उनके अर्जुन सिंह उर्फ गिन्नी राजा संभालते हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि अर्जुन सिंह ने अपने नौकर साथीराम पुत्र बहादुर सिंह का फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ा और इसके बाद अन्य कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसे गांव का निवासी बताते हुए प्रधानमंत्री आवास जैसी अनेक शासकीय योजनाओं का अनैतिक लाभ दिया। ग्रामीणों के मुताबिक साथीराम गांव का रहने वाला नहीं है, वह दिखने में नेपाल का रहने वाला प्रतीत होता है। वह लंबे समय से सरपंच के घर में बतौर नौकर काम करते आ रहा है। शासकीय योजनाओं का लाभ देने के अलावा सचिव प्रकाशचंद्र पटेल ने साथीराम के नाम से एक फर्जी फर्म बनाकर मजदूरी, सरिया, गिट्टी, सीमेंट, रेत, पत्थर, सेटरिंग आदि के नाम पर 40 लाख से अधिक का भुगतान भी किया। जो भी शासकीय राशि उक्त व्यक्ति के नाम पर मिली उसका सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक ने बंदरबांट कर लिया। ग्रामीणों द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों को संज्ञान में लेकर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जांच के निर्देश दिए थे और जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद जिला पंचायत सीईओ के पत्र क्रमांक 3476 के परिपालन में शुक्रवार को राजनगर पुलिस ने चौबर पंचायत की सरपंच श्रीमती प्रेमकुंवर सिंह, सचिव प्रकाशचंद्र पटेल और रोजगार सहायक ओमप्रकाश दुबे के खिलाफ अपराध क्रमांक 376, धारा 318(4) और 316(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

# कालाबाजारी के आरोप में राजनगर के दो खाद गोदाम सील

**खजुराहो।** राजनगर क्षेत्र के किसानों की शिकायत पर तहसील प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। बताया गया है कि शासन द्वारा अधिकृत दुकानों पर इफको डीएपी खाद उपलब्ध न कराए जाने और कालाबाजारी की सूचना मिलने के बाद तहसीलदार के निर्देश पर दो खाद गोदामों को सील कर दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर में खाद लेने पहुंचे किसानों को दुकानदारों ने स्टॉक खत्म होने की बात कहकर टाल



दिया गया। लेकिन किसानों को पता चला कि गोदामों में खाद भरी पड़ी है और कुछ लोगों को यह ऊंचे दामों पर बेची जा रही है। किसानों ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे राजनगर पटवारी मैयादीन प्रजापति और कर्मचारियों ने राजनगर के प्रियंका मेंयूर एंड फर्टिलाइजर्स तथा ग्राम खजवा की एक अन्य दुकान को सील कर दिया। तहसीलदार धीरज गौतम ने बताया कि किसानों से खाद गोदामों की शिकायत मिली थी। मैंने तत्काल दल को मौके पर भेजा और राजनगर तथा खजवा में रखी खाद को सील कराया है। इसकी विस्तृत जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मऊगंज में साइकिल रैली का होगा आयोजन

**मऊगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया अभियान के तहत फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज अंतर्गत साइकिल रैली मऊगंज जिला मुख्यालय में आयोजित की गई है। शहीद केदारनाथ महाविद्यालय से कलेक्ट्रेट परिसर तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत यह रैली 21 सितम्बर को प्रातः 10 बजे आरंभ होगी। दैनिक जीवन में फिटनेस को एक अभिन्न अंग बनाने के उद्देश्य से आयोजित साइकिल रैली में आमजनों के साथ ही डॉक्टर्स, पुलिसकर्मी, एनसीसी, शारीरिक शिक्षा शिक्षक सहित अधिकारी व कर्मचारी साइकिल रैली में शामिल रहेंगे।

### जिला पंचायत की कृषि स्थाई समिति की बैठक संपन्न

**रीवा।** जिला पंचायत की कृषि स्थाई समिति की बैठक उद्यानिकी विभाग सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति योगेन्द्र सिंह ने की। सभापति ने कहा कि समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करें। आगामी फसल की तैयारी के लिए किसानों को खाद और बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करें। खाद तथा कीटनाशकों के नमूनों की नियमित जाँच कराकर अमानक पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। बैठक में निजी दुकानों से खाद के वितरण, जैविक खेती तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों, फसलों में खाद के संतुलित उपयोग, गौशालाओं के प्रबंधन तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्य जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रणव प्रताप सिंह, समिति के सचिव उप संचालक कृषि यूपी बागरी तथा अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे

### रानी तालाब मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने पुलिस अधीक्षक तथा जिला सेनानी होमगार्ड्स को माँ काली मंदिर रानी तालाब मंदिर में सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि मंदिर में 22 सितम्बर से आरंभ हो रही नवरात्रि में विशाल मेला आयोजित किया जाता है। यह मेला दो अक्टूबर तक जारी रहेगा। मेले में भोर से ही माता को जल चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं तथा अन्य भक्त पहुंचते हैं। मेला परिसर में वाहनों की पार्किंग और यातायात प्रबंधन के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करें। दुर्घटना से बचाव के लिए गोताखोर एवं अन्य जवान भी तैनात करें।

### महिला की अंधी हत्या के संदेहियों तक पहुंची पुलिस, आज हो सकता है घटना का खुलासा

**रीवा।** सोहागी थाना क्षेत्र के चौरा गांव में महिला की मुंह दबाकर हत्या करने वाले संदेहियों तक सोहागी पुलिस पहुंच गई है। पूरी संभावना है कि पुलिस आज इस अंधी हत्या का खुलासा कर आरोपी को न्यायालय में पेश करेगी। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक वारदात प्रेम प्रसंग के चलते हुई है। गौरतलब है कि सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौरा में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अपने बच्चे के साथ घर में रह रही महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया था। गुरुवार की सुबह सोहागी पुलिस को घटना की जानकारी मिली थी, जिसके बार पुलिस ने महिला के शव को अस्पताल पीएम के लिए भिजवाया गया। प्रथम दृष्टया मुंह दबाकर हत्या किए जाने की बात कही गई थी। बताया गया कि पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर संदेहियों को अभिरक्षा में ले लिया है। जिससे उम्मीद है कि आज पुलिस पूरी घटना का खुलासा कर सकती है। गुरुवार की सुबह जब महिला सुबह घर से काफी देर तक बाहर नहीं निकली तो पड़ोसियों ने घर के अंदर जाकर देखा तो उसका शव कमरे में पड़ा हुआ था। हमीदुल निशा पति मुराद अली अपने घर में 5 साल के मासूम बच्चे के साथ अकेले ही रहती थी, जबकि बताया गया था कि पति ट्रक चालक था। चर्चा है कि महिला का प्रेम प्रसंग चल रहा था जो उसके जीवन पर भारी पड़ गया।

---

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत लगाया गया शिविर

# भिटवा में आयोजित विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर में 175 रोगियों का किया गया उपचार

**रीवा।** जिले भर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के साथ स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का भी आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम भिटवा में विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 175 रोगियों रोगियों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया।

शिविर में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, वृद्धजन एवं किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनका उपचार किया गया। स्वास्थ्य शिविर में एएनसी जांच, टीबी और कुष्ठ रोगियों की




स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन, शुगर और बीपी की जाँच की गईं। शिविर में 12 आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 23 मरीजों को उच्च संस्था के लिए रेफर किया गया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ फराह सिद्दीकी, डॉ अखिलेश तिवारी, डॉ अजीत मारको, डॉ रविप्रकाश पाण्डेय, डॉ भागवत यादव, डॉ अपराजिता, डॉ वसीम मंसूरी, डॉ दीपा सिंह तथा डॉ मोहिता पाण्डेय ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में सांसद जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जनपद अध्यक्ष रीवा संगीता यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला मुख्य, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुधाकर पाण्डेय, सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ अंजनी पाण्डेय, बीपीएम ज्ञानेंद्र पाण्डेय, बीईई नागेन्द्र मिश्रा, बीसीएम प्रभात शुक्ला तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर के सफल आयोजन में पूर्व गौ संवर्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय एवं पूर्व सरपंच शेषमणि पाण्डेय का विशेष सहयोग रहा। शिविर में आए रोगियों द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर के आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

---

## जन शहयोग से नगर को बनायेंगे स्वच्छः हेमंत त्रिपाठी




### नगर परिषद नईगढ़ी मे स्वच्छता ही सेवा अभियान की हुई शुरुआत

**रीवा।** देश के प्रधान मन्त्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन 17 सितंवर से 2 अक्टुवर यानी गाँधी जयंती तक, सेवा स्वछता अभियान चलाया जायेगा, नगर परिषद नईगढ़ी अंतर्गत स्वछता अभियान की शुरुआत करते हुए नईगढ़ी किला,स्टेट बैंक स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आज विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें नईगढ़ी किला स्टेट बैंक में अभियान का क्रियान्वन किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित नगर वासियों को एवं नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ एवं उद्बोधन को लाइव प्रसारण द्वारा सुना और देखा गया। साथहीहम सब ने यह ठाना है , नगर परिषद नईगढ़ी को स्वच्छ बनाना है नारे दीवाल लेखन कराये गये, स्वछता ही सेवा अभियान पखवाड़े दूसरे दिन आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल के बच्चों द्वारा एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा की रैली निकालकर नगर वासियों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आज विशेष स्वच्छता अभियान में माँ अष्टभुजा मंदिर के पास झाडू लगवाया गया और वहां की सफाई कराई गई व नगर वासियों को व सफाई कर्मियों को स्वच्छता ही इस पूरे कार्यक्रमों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत त्रिपाठी के द्वारा किए जा रहे प्रयासो से नगर में उत्साह का माहौल बना है इस अवसर पर स्वच्छता प्रभारी मनोज कुमार नगर परिषद से सभी सफाई कर्मी उपस्थित रहे IEC टीम महक पूरी काजल विस्वकर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

---

## शिक्षा विभाग बना भ्रष्टाचार का नया गढ़, शिक्षकों के वेतन भुगतान में घूसखोरी चरम पर

### एरियर्स और वेतन फिक्सेशन से नहीं हो पाई बाधाएं दूर

**रीवा।** एक ओर सरकार शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात करती है, वहीं ज़मीनी हकीकत इसके उलट तस्वीर पेश कर रही है। रीवा जिले में शिक्षा विभाग इन दिनों गहरे भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में है। जिले के विभिन्न विकासखंडों सिरमौर, जवा, त्योंथर, गंगेव और रायपुर सहित कई क्षेत्रों में हजारों शिक्षक वेतन संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं। सूत्रों के मिली जानकारी अनुसार शिक्षकों के वेतन, एरियर और वेतन फिक्सेशन से जुड़े मामलों में प्राचार्यों, लिपिकों और बीईओ कार्यालयों में 'रेट लिस्ट जैसी व्यवस्था कायम हो चुकी है। बिना अनौपचारिक भुगतान के न तो आदेश आगे बढ़ाए जाते हैं और न ही फ़ाइलें मंजूरी तक पहुंचती हैं। संभागीय कोषालय कार्यालय तक पहुंचने से पहले ही फिक्सेशन की फाइलें रुकी बताई जाती हैं। शिक्षकों से अनुमोदन के लिए मोटी रकम की मांग की जा रही है। कई जगहों पर यह भी सामने आया है कि काम रोकने के लिए 'सर्वर




डाउन' का बहाना बनाया जाता है, ताकि शिक्षक थक-हारकर व्यवस्था से समझौता कर लें।

### विकासखंड स्तर पर नया सिस्टम

विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और संकुल प्राचार्यों के स्तर पर रिश्वतखोरी अब सिस्टम का हिस्सा बन चुकी है। शिक्षकों की मानें तो अगर कोई शिक्षक सौदेबाजी का हिस्सा नहीं बनता, तो उसकी वेतन फाइल महीनों तक अधर में लटकी रह जाती है। कुछ मामलों में शिक्षकों को महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### 24 वर्षों बाद क्रमोन्नति, लेकिन राहत नहीं

हाल ही में प्राथमिक शिक्षकों को 24 वर्षों बाद क्रमोन्नति सूची में स्थान मिला, लेकिन इसके बाद जो राहत मिलनी थी, वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। फिक्सेशन के लिए संकुलों को कार्रवाई करनी थी और बीईओ कार्यालय से उसे ऑनलाइन अनुमोदन के लिए भेजना था। लेकिन अब इस प्रक्रिया में भी पैसे की मांग की जा रही है।

### कलेक्टर-आयुक्त के निर्देश भी बेअसर

शिक्षकों के लंबित वेतन और एरियर भुगतान को लेकर रीवा संभाग के आयुक्त और जिला कलेक्टर द्वारा कई बार स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, लेकिन अधिकारी और कर्मचारियों पर इनका कोई असर नहीं दिखाई दे रहा। विभागीय उदासीनता और मिलीभगत के कारण आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

---

## नगर निगम द्वारा सेवा पखवाड़ा में आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियाँ

**रीवा।** नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता और नशा मुक्ति की जागरूकता को लेकर लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' (स्वच्छोत्सव) के जागरूकता के लिए शहर के विद्यालयों एवं वार्डों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयुक्त डॉ सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार शहर के कई विद्यालयों में स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। वार्ड 27 बीएनपी मेमोरियल स्कूल में स्वच्छता संवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक और पॉलिथीन से होने वाली हानियों की जानकारी दी गई तथा इसके वैकल्पिक उपयोग पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामाजिक कर्तव्य है। स्वच्छता से ही देश-प्रदेश और हमारा शहर उच्च स्तर पर अग्रसर हो सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित विद्यालय के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को नशामुक्ति एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 18 शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तंड क्रमांक एक में स्वच्छता संवाद, नशामुक्त अभियान, स्वच्छता चित्रकला प्रतियोगिता, स्वच्छता निबंध, सिंगल यूज प्लास्टिक के विषय में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत मे नशामुक्ति एवं स्वच्छता शपथ दिलाई गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वच्छता संवाद कर स्वच्छता एवं नशामुक्त अभियान के बारे में जानकारी दी गई।

---

### पुण्यतिथि पर युवाओं ने अपने चहेते साथी बेउहर भैया को किया नमन

## दिव्यांग बच्चों के बीच मनाई गई बेउहर भैया की सातवीं पुण्यतिथि

**रीवा।** आज युवाओं को देश का भविष्य कहा जाता है। जब वही युवा सामाजिक दायित्व का बेड़ा उठाने लगे तो निश्चित ही एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है। सामाजिक दायित्वों के प्रति समर्पित संगठन युवा एकता परिषद के संस्थापक युवा आइडल स्वर्गीय सचिन द्विवेदी बेउहर भैया की सातवीं पुण्यतिथि के पर जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सर्वप्रथम युवा एकता परिषद द्वारा पंडित यमुना प्रसाद शास्त्री नेत्रहीन एवं मूकबधिर विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया,इसके बाद पंडित यमुना प्रसाद शास्त्री की की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात युवाओं ने अपने आइडल बेउहर भैया की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर स्वरांजलि के माध्यम से आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी कड़ी में दिव्यांग बच्चे बच्चियों को स्वल्पाहार,मिष्ठान्न व फल वितरण गया। युवा एकता परिषद के मुखिया पंडित सचिन शर्मा सूर्या ने बेउहर भैया को याद करते हुए कहा की जिस प्रकार मानव का जन्म निर्धारित है उसी प्रकार मृत्यु भी निश्चित है। मरना तो एकदिन सभी को है पर जब तक जीवित हैं अपने संबंधों व उसके महत्व को समझने व उसे निभाने की आवश्यकता है। मित्रता का संबंध स्वहित पर नहीं बल्कि परहित पर चलता है। कलयुग में बेउहर भैया जैसे मित्र दोस्ती के लिए एक मिसाल हैं जिनकी कमी को कभी भी




पूरा नहीं किया जा सकता। बेउहर भैया की सातवीं पुण्यतिथि पर सभी ने बेउहर भैया द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। विंध्य के जाने माने बघेली गायक सुधीर पाण्डेय ने गीतों के माध्यम से बेउहर भैया को नमन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन परिषद के मीडिया प्रभारी आनंद शुक्ला अनंत ने किया। इस दौरान युवा एकता परिषद के मार्गदर्शक मंडल से नरेन्द्र द्विवेदी दादू,बघेली गायक सुधीर पाण्डेय,शिक्षक शंकर मिश्रा,सुतेन्द्र शर्मा,डॉ. एके पाण्डेय,प्राशू तिवारी एवं पत्रकार सोनू तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक निखिल शुक्ला ने बेउहर भैया को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा की हम सब एक ऐसे युवा आइकॉन की याद में प्रतिवर्ष पुण्यतिथि पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करते हैं जिन्होंने जनसेवा का बेड़ा उठाते हुए हम सब युवाओं का मार्ग प्रशस्त किया। जिनके अद्वितीय कार्यों को याद करने के लिए लिए प्रतिवर्ष पुण्यतिथि पर दान दक्षिणा के साथ ही भोज कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। अपने छोटे से जीवनकाल में बेउहर भैया ने जनसेवा करते हुए हम सभी युवाओं को प्रेरणा देने का काम किया है। कार्यक्रम में युवा एकता परिषद के संरक्षक पंडित सचिन शर्मा सूर्या,आनंद शुक्ला अनंत,विवेक द्विवेदी,शिवम समदरिया,युवा पत्रकार सतेन्द्र तिवारी, हृदेश गोलू, मोहित, रिषी,, पेन्द्र, अमन,दीपेश, अमित समेत अन्य युवा शामिल रहे।

---

## मोबाइल लूट कर भाग रहे बाइक सवार बदमाश को युवक ने दबोचा

### गुढ़ थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही पूछताछ

**रीवा।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक साहसी युवक की तत्परता से मोबाइल लूट की वारदात नाकाम हो गई और एक बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ गया। दो अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। पकड़े गए बदमाश से पुलिस अन्य घटनाओं के बारे में पूछताछ कर रही है। घटना शुक्रवार रात लगभग 8 बजे की है, जब ग्राम पुरास निवासी सुनील कोल (35 वर्ष) महसाव स्कूल के पास सड़क किनारे पैदल जा रहा था। इसी दौरान गुढ़ से रीवा की ओर तेज गति से आ रही एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने पीछे से आकर सुनील के हाथ से मोबाइल झपटने की कोशिश की। हालांकि, बदमाशों की योजना उस समय धरी की धरी रह गई जब सुनील ने साहस दिखाते हुए भाग रही बाइक को पीछे से पकड़ लिया। अचानक झटके से बाइक असंतुलित होकर गिर गई, जिससे तीनों बदमाश सड़क पर गिर पड़े। मौका पाकर दो आरोपी भागने में सफल रहे, लेकिन एक आरोपी विजय साकेत, निवासी ग्राम पड़रा थाना जमोड़ी, जिला सीधी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। सूचना मिलते ही गुढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। ग्रामीणों की मदद से बाइक भी जब्त कर ली गई है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी लंबे समय से हाईवे पर मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। गुढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से उसके अन्य साथियों और पूर्व में हुई घटनाओं के बारे में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। इस गिरोह के पकड़े जाने से मोबाइल चोरी की कई घटनाओं का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

---

## परिवहन विभाग रीवा ने ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट की बसों पर सघन जांच कर की कार्रवाही



**रीवा।** परिवहन विभाग ने परिवहन आयुक्त महोदय के आदेशानुसार ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिटों पर चल रही अवैध बसों के खिलाफ बड़ा सघन जांच अभियान चलाया। जिसमें इन बसों पर परमिट फिटनेस बीमा यात्री सूची की विशेष जाँच की गई इसके अलावा यात्रियो की सुविधा को देखते हुए फ़ास्टेड बॉक्स स्पीड गवर्नर एवं व्हीएलटी डिवाइस की भी परिवहन स्टाफ ने जाँच की जांच में तीन बसों पर परमिट शर्तों का उल्लंघन करते पाए जाने के कारण उन पर 30000/- रुपये का चालान अधिरोपित किया गया यह कार्रवाई मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के तहत की गई है, परिवहन विभाग की यह कार्यवाही यात्रियों की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए की गई है। अवैध परमिट वाली बसें अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनती है 1 इस कार्यवाही से सड़क परिवहन व्यवस्था अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनती है 1 इस सघन जाँच से अवैध रूप से चलने वाली ऑल इंडिया बसों पर हड़कंप छाया हुआ है 1 परिवहन विभाग प्रदेश भर में अवैध संचालित वाहनों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन जांच अभियान भी चलाएगा 1 परिवहन आयुक्त मध्य प्रदेश ग्वालियर के द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत, परिवहन विभाग 22 सितंबर 2025 से 2 सप्ताह तक एक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाएगा। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना और मोटरयान अधिनियमों का पालन सुनिश्चित करना है। समस्त जिलों में एक साथ




वाहन चेकिंग की जाएगी, जिसमें वैध बीमा, बिना फिटनेस, बिना पीयूसी और बिना परमिट के चल रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, स्कूल बसों की चेकिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सभी अधिकारियों को प्रतिदिन की गई कार्रवाई की जानकारी परिवहन आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

---

## सीतापुर में 'एक माँ के नाम बगिया' का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**मऊगंज।** जिले की ग्राम पंचायत सीतापुर में 'एक माँ के नाम बगिया' योजना का अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि यह योजना सिर्फ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नहीं, बल्कि मातृ सम्मान और परंपरा को जीवित रखने का एक सार्थक प्रयास भी है। माँ के नाम पर लगने वाले पौधे न केवल गाँव की हरियाली बढ़ाएँगे, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने में भी सहायक होंगे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए बताया कि इस तरह की पहल ग्राम पंचायत स्तर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता को और मजबूत बनाएगी। आने वाली पीढ़ियों को एक हरा-भरा और स्वच्छ वातावरण मिलेगा, यही इस योजना का असली उद्देश्य है। ग्राम पंचायत सचिव उमेश कुमार शुक्ला ने जानकारी दी कि जल्द ही ग्राम की



हितग्राही सावित्री यादव की भूमि पर 'माँ के नाम बगिया' विकसित की जाएगी। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। वहीं निरीक्षण टीम के इंजीनियर पवन गुप्ता ने पौधारोपण और भूमि सुधार संबंधी तकनीकी सुझाव दिए। ए.ई. और एपीओ ने इस बात पर जोर दिया कि लगाए जाने वाले पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ठोस व्यवस्था की जाए। निरीक्षण में जनपद पंचायत सीईओ परमानन्द तिवारी ए.ई. अंकिता सोहगौरा एपीओ इंजीनियर पवन गुप्ता, ग्राम पंचायत सरपंच मोहम्मद शब्बीर अंसारी और सचिव उमेश कुमार शुक्ला उपस्थित रहे। टीम ने स्थलीय अवलोकन कर हितग्राही सावित्री यादव की भूमि पर जल्द से जल्द पौधारोपण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।